बिहार शिक्षा परियोजना सारण,
शिक्षा भवन, जिला स्कूल
छपरा– 841301
पत्रांक–2285

Bihar Education Project Saran,
Shiksha Bhawan, Zila School
Chapra- 841301
दिनांक–21/8/26

प्रेषक

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सारण, छपरा।

सेवा में,

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
सारण।

विषय सारण जिले में संचालित 26 मॉडल एवं 30 पीएम श्री विद्यालयों के सघन अनुश्रवण एवं प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि सारण जिले में कुल 26 मॉडल एवं 30 पीएम श्री विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का समुचित उपयोग एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

इस क्रम में निर्देशित किया जाता है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अपने प्रखंड अंतर्गत संचालित मॉडल विद्यालय का सप्ताह में कम–से–कम एक बार अनिवार्य रूप से स्थल निरीक्षण किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं का विशेष रूप से अनुश्रवण किया जाए।

1. राज्य कार्यालय से निर्गत संबंधित पत्र निर्देश के आलोक में **Physics, Chemistry** एवं **Biology Lab** हेतु निर्धारित सामग्री का क्रय किया गया है अथवा नहीं तथा क्रय की गई सामग्री का विद्यालय में उपलब्ध होना।
2. प्रयोगशाला में उपलब्ध सामग्री का लैब सामग्री पंजी में विधिवत संधारण एवं अद्यतन किया जा रहा है अथवा नहीं।
3. विद्यालय में **WiFi** एवं **Internet** सुविधा की उपलब्धता एवं नियमित कार्यशीलता।
4. **Live Class** का नियमित संचालन एवं विद्यार्थियों की सहभागिता।
5. **VC Node** हेतु आवश्यक उपकरण विशेषकर **Microphone, Camera** आदि की उपलब्धता एवं कार्यशीलता।
6. विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक खेल सामग्री की उपलब्धता एवं उसका उपयोग।
7. संगीत, गीत एवं अन्य सह–शैक्षणिक गतिविधियों हेतु आवश्यक तैयारी एवं नियमित संचालन।
8. साप्ताहिक टेस्ट का नियमित आयोजन, उत्तर पुस्तिकाओं/कॉपी की शिक्षक द्वारा जांच तथा संबंधित पंजी में विधिवत संधारण।
9. मॉडल विद्यालय में उपलब्ध अन्य शैक्षणिक एवं भौतिक संसाधनों का समुचित उपयोग एवं रख–रखाव।
10. निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का उल्लेख करते हुए उनके निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश विद्यालय प्रधान को दिया जाना तथा अनुपालन की पुनः जांच किया जाना।

<u>साप्ताहिक प्रतिवेदन</u>

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक सप्ताह अपने प्रखंड के विद्यालय का निरीक्षण कर निरीक्षण की तिथि जांच किए गए बिंदु पाई गई कमियां, दिए गए निर्देश एवं अनुपालन की स्थिति का स्पष्ट उल्लेख करते हुए साप्ताहिक प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।



Scanned with OKEN Scanner

परियोजना सारण,
जिला स्कूल
841301
2285

Bihar Education Project Saran,
Shiksha Bhawan, Zila School
Chapra- 841301
दिनांक- 21/8/26

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि निरीक्षण केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की वास्तविक स्थिति, उपयोगिता एवं विद्यार्थियों को प्राप्त हो रहे लाभ का स्थल पर सत्यापन किया जाए।

मॉडल विद्यालयों के संचालन की गुणवत्ता एवं राज्य कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन का सघन अनुश्रवण जिला स्तर से किया जाएगा। निर्देशों के अनुपालन में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी/विद्यालय प्रधान की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

अतः सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उक्त निर्देश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक सप्ताह निर्धारित प्रारूप में निरीक्षण प्रतिवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता का कार्य समझा जाए।

विश्वासभाजन

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण, छपरा



Scanned with OKEN Scanner